ISSN 2347-8004 Bodhi Path
पंजीकरण संख्या-DELBIL/2011/41024

★ जुलाई 2016
★ अंक - ग्यारहवां
★ द्विभाषिक छमाही पत्रिका

बोधि-पथ

Budha Education Foundation
9968262935, 8447637374

ISSN 2347-8004

बोधि–पथ

वर्ष : जुलाई 2016, अंक: 11 द्विभाषिक छमाही पत्रिका

प्रबंधक
भिक्खु विश्वबन्धु, चैयरमेन,
बुद्धा ऐजूकेशन फाउण्डेशन (ट्रस्ट)

संरक्षक
डॉ आई.एन.सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर,
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।

परामर्श दाता
प्रो. हीरापॉल गंगनेगी, विभागाध्यक्ष,
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।
प्रो.के.टी.एस.सराओ
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।

सम्पादक
डॉ संघमित्रा बौद्ध,
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।

उप–सम्पादक (अंग्रजी)
डॉ अमिता कपूर
एसोसिएट प्रोफेसर,
शहीद राजगुरू कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय।

उप–सम्पादक (हिन्दी)
डॉ एच. के. बालूजा
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।
वेबसाइट व्यवस्थापक
श्री नरोत्तम सिंह
लेखक व हीलर

राज्य ब्यूरो
दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तरांचल,
उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार,
वेस्ट बंगाल।

वितरण
बुद्धा ऐजूकेशन फाउण्डेशन (ट्रस्ट),
मैत्रेय बुद्ध विहार,
तीसरी मंजिल, एच–2/48 सै॰16,
रोहिणी, दिल्ली–110089

नोट : सम्पादक मण्डल के नियुक्त सभी पदाधिकारी अवैतनिक एवं परिवर्तनीय हैं ।

बोधि–पथ पत्रिका में प्रकाशित सामग्री लेखकों के निजी विचार हैं । आवश्यक नहीं कि प्रकाशक व सम्पादक उनसे सहमत हों ।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामित्व धारक **भिक्खु विश्वबन्धु** के लिए स्टार फार्म, 8710, रोशनारा रोड, सब्जी मंडी, दिल्ली–110007 से मुद्रित एवं बुद्धा ऐजूकेशन फाउण्डेशन (ट्रस्ट), मैत्रेय बुद्ध, विहार, तीसरी मंजिल, एच–2/48, सै. 16, रोहिणी, दिल्ली–110089 से प्रकाशित । सम्पादक का नाम और पता : **डॉ. संघमित्रा बौद्ध,** तृतीय तल, एच–2/48, सै. –16, रोहिणी, दिल्ली–110089

अनुक्रमणिका

संपादकीय	**डॉ संघमित्रा बौद्ध**	01
बौद्ध धर्म के मार्गदाता	**भिक्खु विश्वबन्धु**	03
धर्मान्तरण नहीं वापसी	**डॉ0 भिक्षु प्रज्ञापाल**	07
बुद्ध की मानवतावादी दृष्टि : एक समीक्षा	**डॉ. हरीश कुमार बालूजा**	10
बौद्ध धर्म में कर्म में कर्म और पुनर्जन्म– एक अध्ययन	**शोधार्थी–निर्दोश कुमार**	12
बुद्ध सुभाषितरन्त : धम्मपद	**शोधार्थी–एकता जैन**	14
प्ररेक प्रसंग		
बुद्ध और धर्म	**आचार्य सत्यनारायण गोयन्का जी**	17
धन्य हुई सुजाता!	**डॉ॰ संघमित्रा बौद्ध**	19
Dr. B.R. Ambedkar and His Conversion to Buddhism	Sunny Kumar	21
Know Vipallasa to Conquer Asava	Narotam Singh and Amita Kapoor	23
Universal Body : Entwined Six Elements	Dr. Anant	27
Survival Along the Nest of Spies	Lhundup Tsomo Bhutia	31
Difference in the Philosophies of Theravada and Mahayana Schools of Buddhism	Kanika Kaur Sarao	35
The Role of Buddhist Morality in mental training & Spiritual Attainment	Dr. Seema Bharti	39
The Status of Dalit Women in India's Caste Based System	Rachna	41

निवेदन

पत्रिका 'बोधि–पथ' की सदस्यता के लिए आप अपने मित्रों, परिचितों एवं अन्य को भी सदस्य बनाकर सहयोग करें। पूर्व ग्रहित सदस्यों की सदस्यता इस अंक के साथ समाप्त हो गई है। कृपया करके अपनी सदस्यता शुल्क की राशि को खाता न0 – 3007101001960, केनरा बैंक, रॉकफिल्ड पब्लिक स्कूल, सै. 16, रोहिणी, दिल्ली–110089 में जमा करने का कष्ट करें। ताकि राशि सहयोग द्वारा पत्रिका का सुचारू रूप से प्रकाशन हो सके। और अपने अमूल्य सुझाव एवं हिन्दी लेख Kundli एवं अंग्रेजी लेख को भी ई–मेल : sanghmb@gmail.com पर भेजने का कष्ट करें।

e-mail : darshitraders@gmail.com, sanghmb@gmail.com
दूरभाष न.– 9968262935, 08447637374, 9810319200
प्रति मूल्य : 50रु॰ सदस्यता शुल्क : वार्षिक 100रु॰, द्विवार्षिक 200रु॰, आजीवन 5000रु॰

संपादकीय

सम्पादक की कलम से ...

Mkñ I?kfe=k ck)

युग प्रर्वत्तक : बोधिसत्व

बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 125वीं जयंती की आप सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं, इस शुभावसर पर बोधि–पथ का विशेषांक आप सभी के सम्मुख प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। महामानव बाबा साहब 20वीं शताब्दी की महान विभूति थे। 'बहुजनहिताय बहुजनसुखाय लोकनुकम्पाय' चिन्तन और कार्य करने वाले महामानव बहुत नहीं हुआ करते हैं। बाबा साहब ऐसे ही विरल महापुरुषों में से एक महापुरुष थे। जिनके बारे में आज पूरा विश्व जानने के लिए उत्सुक है तथा उनके द्वारा बताये गए मार्ग का अनुसरण करने के लिए सम्पूर्ण मानव जाति प्रतिबद्ध दिखाई देती है। विद्वानों ने अपने विद्वतापुर्ण तथा ज्ञानवर्धक लेख भेज कर हमें जो उत्साहित किया है उसके लिए हम उनका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आशा है, भविष्य में भी उनका सहयोग इसी शाँति मिलता रहेगा।

डॉ. अम्बेडकर के जीवन की कहानी मानवीय अधिकारों के विजेता के संघर्ष की कहानी है। उन्होंने मानव सम्मान के लिए अविरल संघर्ष किया। वे शोषित एवं पीड़ित लोगों के उधारक थे। वे सच्चे अर्थो में गुदड़ी के लाल थें यद्यिप विश्व के इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण मिलते हैं, जिनमें अत्यन्त निम्न–स्तर से उठकर लोग उच्चतम स्तर तक पहुँचे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन एक साधारण किसान के पुत्र थे। स्टालन के पिता एक निर्धन मोची थे। परन्तु फिर भी शायद ही कोई महापुरुष बाबा सहाब के समान प्रतिकूल परिस्थितियों में जन्मा और पला हो।

कहा जाता है कि मनुष्य अपनी परिस्थितियों की उपज है। डॉ. अम्बेडकर के सम्बन्ध में यह युक्ति सर्वथा सत्य प्रतीत होती है। उनके विचारों, उनके दर्शन तथा उनके कृत्यों पर उनकी परिस्थितियों की स्पष्ट छाप दृष्टिगोचर होती है। चूँकि वे एक ऐसे परिवार में जन्मे जिसे जन्म से ही अयोग्यताओं का सामना करना पड़ा। एक मामूली परिवार में जन्म लेना, एक अछूत के रूप में जीवन प्रारम्भ करना, युवा काल में विभिन्न स्थानों पर अपमानित होना, प्रत्येक पग पर अनेक कठिनाइयों का सामना करना आदि बड़े ही साहसिक एवं प्रशांसनीय कार्य हैं।

बाबा सहाब अपने अथक एवं कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास व महत्त्वकाँक्षा के बल पर भारत के संविधान निर्माता के ऊँचे पद तक पहुँच सके। वे बहुमुखी प्रतिभा के थे। उन्होंने अपने करोड़ों भाइयों को दासता, छुआछूत और शोषण से मुक्त किया। सदियों से चली आ रही सामाजिक गुलामी से बाबा सहाब ने अछूतों को छुटकारा दिलाया। मानव इतिहास में, यह आश्चर्यजनक उपलब्धि थी। इसलिए आज इस देश के सच्चे सपूत, एक अछूत जीवन से प्रारम्भ होने वाले महान् व्यक्ति, डॉ. बाबा सहाब अम्बेडकर को, भारत–भूमि के इतिहास में शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री, लेखक, वकील, नेता, योद्धा, कानूनवेत्ता, समाज–सुधारक, राजनीतिज्ञ, राजनेता, दार्शनिक और उद्धारक के रूप में समझा तथा सम्मानित किया जाता है।

निस्सन्देह डॉ अम्बेडकर एक गम्भीर लेखक, विचारक और महान् चिंतक थे। उनके सभी ग्रन्थ गहन अध्ययन और विशद विद्वता के परिचायक हैं। यदि उनका स्वास्थ्य अच्छा रहता तो संभवतः वह और भी अधिक गम्भीर ग्रन्थ दे सकते थे। वह स्वयं एक चलता–फिरता ग्रन्थालय थे। आत्म–विश्वास तथा निर्भीकता, ये दोनों गुण उनकी असाधारण ज्ञान–साधना के स्वाभविक परिणाम थे। बाबा साहब का व्यक्तित्व, कृतित्व, जीवन तथा दर्शन, सभी असाधारण थे। वह कोई व्यक्ति नहीं थे, बल्कि स्वयं एक संस्था थे ।

बाबा सहाब ने संसार की दुःखमयता, जीवन की क्षणभंगुरता और जगत् की अनिश्चितता को भलीभांति समझ लिया था और यही कारण है कि वे बुद्ध–धम्म–सघं की शरण में गए। उन्होंने यह सत्य जान लिया कि संसार में दुःख है और उसका अंत करना ही, मानवी जीवन का सर्वोत्तम लक्ष्य है। इस सत्य को स्वीकार करके, दृढ़–संकल्प किया कि वे अपना शेष जीवन मनुष्य–मात्र की सेवा में समर्पित करेगें। वे दार्शनिक गुत्थियों में नहीं उलझे और यह विचार व्यक्त किया कि मानव–समाज का कल्याण, मैत्री, करुणा, समता तथा बन्धुत्व से ही सम्भव है। अतः एव जब से उन्होंने बौद्ध धर्म अंगीकार किया, तब से मानव प्राणियों के उद्धार का संकल्प लिया। प्राणिमात्र के प्रति करुणा, श्रद्धा, और प्रेम उनमें प्रगाढ़ हो गया। यही कारण है कि उनके अनुयायी बोधिसत्व के रूप में सम्मानित किया। उनमें स्वार्थ–भाव किंचितमात्र नहीं था। वे तो अपने जीवन को बहुत पहले से ही दीन–दुःखियों की सेवा में अर्पित कर चुके थे। उनमें मोक्ष–प्राप्ति की इच्छा नहीं थी। वे प्राणिमात्र की मुक्ति के लिए दृढ़–संकल्प हो चुके थे।

इस महान् समाज सुधारक को किसी संकुचित दृष्टि से आंकना उचित नहीं होगा क्योंकि आज उनके करोड़ों अनुयायी उन्हें 'बोधिसत्व' के रूप में स्वीकार करके सम्मानित करते हैं। उन्हें मानव–देवता की दृष्टि से पूजते हैं। पीड़ित नर–नारियों का जो मार्ग–प्रशस्त करे उन्हें विभिन्न दुःखों तथा दासता से मुक्त करे, वही तो बोधिसत्व होता है। वह निःस्वार्थ भाव से समस्त मानव प्रणियायों को सम्यक् मार्ग पर ले जाता है। बौद्ध–धर्म में दीक्षित होने के बाद, बाबा सहाब ने यह प्रतिज्ञा ली कि वह 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के महान् आदर्श, करुणा एवं मैत्री का अनुसरण करते हुए, कुमार्ग–गामी मानव प्राणियों को सुमार्ग पर लाने का सम्यक् प्रयत्न करेंगे। साथ ही, बाबा साहब का सम्बोधि व्यक्तित्व मानव–प्राणियों को न केवल भौतिक प्रगति की दिशा में, अपितु आध्यात्मिक उत्थान के मार्ग में भी अनुप्रेरित करता है और इस दृष्टि से, उनका जीवन एवं दर्शन विविध प्रकार से, सभी व्यक्तियों के लिए, नव–निर्माण तथा परमार्थ की सजग प्रक्रिया में युगों–युगों तक प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

भवतु सब्ब मंगलं!

डॉ संघमित्रा बौद्ध

We are what we think.
All that we are arises with our thoughts.
With our thoughts we make the world.

- Budhha

अत्ता हि अत्तनो नाथो को हि नाथो परो सिया।
अत्तना'व सुदन्तेन नाथं लभति दुल्लभं।।

व्यक्ति अपना स्वामी आप है, भला दूसरा कोई उसका स्वामी क्या होगा? अपने ही को अच्छी तरह दमन कर लेने से वह दुर्लभ स्वामी निर्वाण को पाता है।

बौद्ध धर्म के मार्गदाता

भिक्खु विश्वबन्धु (चैयरमेन) बुद्ध ऐजूकेशन फाउन्डेशन ट्रस्ट

बोधिसत्व बाबा साहब डा0 अम्बेडरकर ने बौद्ध धर्म को अन्य धर्मो से भिन्न बताया है क्योंकि यह साम्प्रदायिकता की बेड़ियों से बँधा हुआ नहीं है। इसमें लौकिक शक्तियों की परिकल्पना नहीं है और न उन्हें सन्तुष्ट करने के लिए कोई नियम हैं। इसमें केवल शुद्ध नैतिक चर्या का निष्पादन है जो व्यक्ति और समन्वय पर आधारित समाज के लिए कही गयी है। जिसका उद्देश्य यह है कि हम शुद्ध आचरण द्वारा संसार का पुननिर्माण करके विश्व शान्ति की स्थापना करें। यह शुद्ध आचार–संहिता पंचशील, अष्टांगिक–मार्ग और पारमिताओं पर आधारित है। क्योंकि यह एक ऐसी जीवन–विधि हैं जो मनुष्य को सदाचारी बनाती हैं।

बाबा साहब ने बौद्ध धर्म को मौलिक रूप से समझा ही नहीं, बल्कि उन्होंने उसके अनुकूल ही जीवन–यापन किया। इन सभी गुणों से परिपूर्ण होने के कारण उन्हें 20वीं शताब्दी में बोधिसत्व की उपाधि से विभूषित किया गया। बोधिसत्व वह प्राणी होता है, जो पूर्ण अनासक्ति के साथ अपना सर्वस्व न्यौछावार करके प्राणिमात्र के कल्याण के लिए सत्कर्म–रत रहता है। वह हमेशा 'स्व–विषय' से पूर्णतः चिन्तामुक्त रहता है तथा लोकोपकार के लिए बहुजन–हिताय बहुजन–सुखाय की भावना से ओत–प्रोत रहता है। उसका सम्पूर्ण जीवन ऐसे ही परोपकारी कार्यो से परिपूर्ण है। अतः बाबा साहब द्वारा आरम्भ किए गये धम्म–दीक्षा दिवस अशोक विजया दशमी के पावन अवसर पर उन्होंने बुद्ध–धम्म–सघं शरणागन एवं पंचशील ग्रहण करके बौद्ध धर्म को अंगीकार किया। प्रस्तुत लेख द्वारा इन पुण्यमय कार्यो एवं उनकी 125वीं जयन्ती के ुभावसर पर मैं उनके प्रति हृदय सें अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित करता हूँ।

बुद्ध को प्रणाम

नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स। (तीन बार)

अर्थात् नमस्कार है उनको जो भगवान् हैं, अरहंत हैं, सम्यकसम्बुद्ध हैं।

यह नमस्कार गुणों का हुआ। सम्मान गुणों का हुआ। ऐसे गुण धारण करने वाला व्यक्ति बुद्ध कहलाता है। जो व्यक्ति सम्यक् सम्बोधि द्वारा बुद्धतत्व प्राप्त कर लेता है वह अनंत गुणों से परिपूर्ण हो जाता है। तथा उसमें विशेष सद्गुण होते हैं जो इस प्रकार हैं :

भगवान् – वह भगवान् हो जाता है यानि अपने अन्दर के समस्त राग, द्वेष और मोह भग्न कर लेता है और इसी जीवन में विमुक्ति–सुख का जीवन जीता है।

अरहंत – वह अरहंत हो जाता है। अपने सभी अरियों का यानि शत्रुओं का हनन कर लेता है। कौन है शत्रु ? कोई बाहरी व्यक्ति हमारा शत्रु नहीं हुआ करता। हमारे अपने अन्दर के मनोविकार, ईर्ष्या, द्वेश, लोभ, मोह, क्लेश आदि ही हमारे शत्रु होते हैं। इन्हीं शत्रुओं का हनन करके ही व्यक्ति अरहंत होता है, बुद्ध होता है।

सम्यक् सम्बुद्ध – ऐसा व्यक्ति स्वयं के प्रयास से अपनी ही प्रयोगशला में बोधि प्राप्त कर लेता है। जब तक सत्य को स्वयं प्रत्यक्ष अनुभव द्वारा न जान ले, तब तक केवल सुन लेने या पढ़ लेने से कोई व्यक्ति सम्बुद्ध नहीं हो सकता। बल्कि स्वयं अपनी प्रज्ञा द्वारा जान लेता है, वही सम्यक् सम्बुद्ध कहलाता है।

विशेषता – इस प्रकार जब भी हम नमस्कार सुत्र करें तो महत्व गुणों को ही दें उन गुणों के प्रति श्रद्धान्वित होकर मन में प्रेरणा जगाये और उन्हें अपने जीवन में अतारने के लिए प्रयत्नशील हो जाय तो किसी सम्प्रदाय में नहीं बँधेगें। गुणों से बँधेगें। शुद्ध धर्म से बँधेगें। गुण सब के लिए होते हैं। शुद्ध धर्म सब के लिए होता है। अतः यथाशक्ति शुद्ध धर्म धारण करके अपना जीवन सुखमय बनायें।

त्रिशरण

'त्रि–शरण' बौद्ध पद्धति का पारिभाषिक शब्द है। यह त्रिविध है। इसके अन्तगर्त बुद्ध, धम्म और संघ का समावेश हैं। इन तीनों शरणों को ही शरणगमन कहा जाता है। शरण–गमन ही बौद्धों की प्राथमिक प्रक्रिया हैं। क्योंकि भगवान बुद्ध द्वारा प्रतिपादित मार्ग पर चलने के लिए जो प्रथम पदनिक्षेप है, वह शरणगमन हैं। जो व्यक्ति कुशल चित्त द्वारा भगवान के पथ का

अनुसरण करने की इच्छा व्यक्त करता है तो वह त्रिशरण–गमन को ग्रहण करते हुए कहता है–

"बुद्धं सरंण गच्छामि।
धम्मं सरणं गच्छामि।
संघं सरणं गच्छामि।"

बुद्धं सरणं गच्छामि – इस प्रथम शरण का अर्थ है, कि मैं बुद्ध अर्थात् ज्ञान की शरण में जाता हूँ। बुद्ध किसी व्यक्ति का जातिगत या वंशागत नाम नहीं हैं, बल्कि एक विशिष्ट उपलब्धि का नाम है। यह उस महान पुरूष की उपलब्धि है, जिसने चार आर्य सत्यों को जान कर सर्वज्ञता को प्राप्त कर लिया है, राग, द्वेष, मोह, लोभ तथा क्लेशों से पूर्णत विमुक्त होकर परम सम्बोधि को प्राप्त कर, सब कुछ यथार्थ रूप से जानकर उपदेश करता है। ऐसा महान् पुरूष ही बुद्ध कहलाता हैं। बुद्ध को शरणगमन करने का अर्थ है बुद्ध को अपना आदर्श स्वीकार करना। बुद्ध ज्ञान का प्रतीक है। जब हमारे मन में ज्ञान का प्रकाश प्रकाशित हो जाता है तो स्वभावतः हमारे मन (अन्दर) का अन्धकार दूर हो जाता हैं। अर्थात् हमारे मन के विकार, क्लेश, अज्ञानता और कुसंस्कार आदि समाप्त हो जाते है। इन विकारों के विद्यमान होने से हमारे मन में धूल जम जाती है। इन विकारों के धुलने के पश्चात् हमारा मन निर्मल व स्वच्छ होकर अच्छे–बुरे, कुशल–अकुशल, सही–गलत, शुभ–अशुभ आदि की पहचान करने लगता है। इस ज्ञान के प्रकाश द्वारा सांसारिक वस्तुओं का प्रभाव हमारे ऊपर नहीं होता। हम दुःख रहित हो जाते है। अतः बुद्व–शरण ग्रहण करने से व्यक्ति का जीवन प्रकाशमय हो जाता है।

धम्मं शरणं गच्छामि – भगवान बुद्ध के अनुसार प्रकृति का शाश्वत नियम ही धर्म है। जो प्रकृति का अटूट नियम है, उसकी शरण में जाना। धर्म को धारण करना अर्थात् उसके अनुकूल जीवन यापन करना ही धर्म है। अतः जो धारण करे वह धर्म है। अब प्रश्न उठता है कि क्या धारण करें? प्रकृति के अटूट नियम के सन्दर्भ में कहा गया है जैसे– आग का धर्म जलना और जलाना, जल का धर्म शीतल होना व शीतल करना, सूर्य का धर्म प्रकाश और उष्णता प्रदान करना, जीव का धर्म जन्म लेना और मरना है। यदि ऐसा न हो तो आग आग नहीं, जल जल नहीं, सूर्य सूर्य नहीं तथा जीव जीव नहीं। क्योंकि यही उनका नैसर्गिक धर्म है, यही उनका स्वभाव है जिसे वे धारण करते हैं। प्रकृति का यह धर्म सभी जीवों के लिए एक समान है। यह धर्म किसी सम्प्रदाय, जाति, वर्ग, भाषा, प्रांत आदि से जुड़ा हुआ नहीं है। बल्कि यह धर्म लोककल्याण के लिए है। भगवान बुद्ध इसी कल्याणकारी धर्म के प्रज्ञापक थे। यह धर्म सार्वजनिक सार्वदेशिक, सार्वकालिक है। यह हमेशा बना रहता है।

धर्म जीवन का मूल आधार है जब मनुष्य प्रकृति के नियमों के अनुकूल जीवन यापन करता है तो उससे स्वभावतयाः अकुशलन कार्य का होना रूक जाता है। उससे कोई अनिष्ट नहीं होता और कुशलमय संगीत चारो और सुनाई देने लगता हैं। अगर व्यक्ति के विचार या कार्य नियम के विरूद्व होगें तो सभी अकुशल होगा तथा दुःख रूपी छाया उसे घेरे रहेगी। भगवान बुद्ध की शिक्षा "धर्म और विनय" कहलाती है? विनय क्या है? क्या धारण करने योग्य है? क्या धारण नहीं करना है? क्या करणीय हैं? तथा क्या अकरणीय है? इन सभी प्रश्नों के उत्तर में उन्होने कहा – कुशल चित्तवृत्तियों को धारण करना ही धर्म है और अकुशल चितवृत्तियों को निवारण ही धर्म हैं। यही भगवान की शिक्षा है। उनकी शिक्षा शीलाचरण पर आधारित है। शीलाचरण का अर्थ पंचशीलों का पालन करना है। द्धइन पाँच शीलों का वर्णन इसी लेख में आगे वर्णित किया गया है।ऋ भगवान बुद्ध का कथन है कि दुःख कोई अपराध नहीं हैं, बल्कि अकुशल होने की सूचना है। कोई दण्ड नहीं देता है। मनुष्य अपने कर्म अनुसार फल भोगता है। प्रकृति के नियम का उल्लंघन करने से दुःख होता है।

भगवान बुद्ध के अनुसार – जब मनुष्य नियम को जान लेगा, समझ लेगा तो ज्ञान के द्वार स्वतः ही खुल जाएगे। जब तक वह नियम को नहीं पहचानेगा, भटकता रहेगा। दुःख का मूल कारण है धर्म से कहीं डगमगा जाना। अतः प्रकृति के नियम अनुसार जीवन यापन करना ही धर्म है। जब धर्म की पहचान हो जाती है तो प्रज्ञा रूपी दीपक जलता है और प्रज्ञा रूपी प्रकाश से मनुष्य अकुशल मार्ग से वापस लौट आता है और सत्यता को अनुभव कर लेता है।

संघं सरणं गच्छामि – भगवान बुद्ध द्वारा बनाई गई वह प्रतिनिधिक संस्था जो बौद्ध धर्म के अनुयायियों और विशेषतः भिक्षुओं आदि के संबंध में आचार व्यवहार आदि के नियम की व्यवस्था करती थी, वह संस्था 'संघ' कहलाता था। इसलिए त्रिशरण–गमन के अर्न्तगत हम संघ की शरण को भी ग्रहण करते है। अर्थात संघ में जो भिक्षु तथा शीलवान विपश्यनामय प्रज्ञावान, होकर प्रकृति के नियम अनुसार जीवन–यापन करते हुए निर्वाण मार्ग पर अग्रसर है, हम उनकी शरण ग्रहण करते

हैं। वर्तमान में उपासक संघ लुप्त हो गया है। क्योंकि संघ की उत्पत्ति समाज के द्वारा किसी विशिष्ट उद्देश्य की पूर्ति के लिए होती है। किन्तु आज न तो बौद्ध समाज ही है और न उपासक संघ ही विद्यमान है। अतः आज बौद्ध समाज की अनिवार्य आवश्यकता है। क्योंकि व्यवहारिकता के अनुसार संघ–शरण का अर्थ है कि बौद्ध उपासक सुसंगठित होकर एक–दूसरे की सहायता करते है। वे सभी धार्मिक सम्बन्धो से जुड़े हुए है। उन सभी के भगवान बुद्ध पिता समान है और धम्म उनकी माता समान है। वे सभी स्वयं ही संघ है। यही संघ–शरण है। जो बुद्ध, धम्म और संघ की शरण ग्रहण करता है वही मनुष्य बुद्ध उपासक कहलाता है।

पंचशील

भगवान बुद्ध के समय से ही पालनीय पाँच नैतिक नियमों को पंचशील कहते हैं। शील शब्द का अर्थ आधार या संयम होता है। शील सम्पूर्ण धम्माचरण का मूल आधार हैं अर्थात सभी कुशल धर्मो का आधार होने के कारण इन पाँच नैतिक नियमों को पंचशील कहा जाता है। त्रिशरण गमन के पश्चात इन पंचशीलों को ग्रहण किया जाता है। ग्रहण करने का अभिप्राय है कि मनुष्य को इन शीलों द्वारा जीवनयापन करना चाहिए। क्योंकि जो व्यक्ति पंचशील के अनुकूल अपना जीवन–यापन करता है उसी का मंगल होता है और जो मनुष्य शीलों के अनुकूल आचरण नहीं करता है तो उसका जीवन पशु समान होता हैं। शील के बिना समाज जंगल के समान है। क्योंकि शील धम्माचरण का ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज के जीवन का मूलाधार है।

इस शीर्ष में पंचशील इस प्रकार हैः–

1. **'पाणातिपाता वेरमणी सिक्खापदं समादियामि'**

   अर्थात् मैं प्राणी हिंसा से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ। यह प्रथम शील है। इस शील में यह बताया गया है कि मानवमात्र को ही नहीं बल्कि किसी भी जीव को हानि नहीं पहुँचाना चाहिए। इस शील का सकारात्मक अंग 'मैत्री' हैं अर्थात् प्राणी हिंसा से विरत रहकर उनसे मैत्री द्धमित्रता, भाईचाराऋ बनाए रखना चाहिए। क्योंकि हिंसा अशान्ति की जननी है। हिंसात्मक विचारधारा से मनुष्य की सोचने की प्रक्रिया स्वतन्त्र नहीं रहती और मनुष्य अपने परिवार, जाति, साम्प्रदायिकता, प्रदेश और भाषा की दृष्टि से सोचने लगते हैं। इससे लोकोपकारी, राष्ट्रीय तथा लोकतान्त्रिक विचारों का दमन होता है। किसी न किसी रूप में आज सारा विश्व अराजकता के भय से आक्रान्त हैं। जब संतुलन बिगड़ता है तो अराजकता पनपती है। सम्पूर्ण विश्व का वातावरण तनाव और नफरत को ज्वाला से झुलस रहा है तथा प्रत्येक साम्प्रदायक अपने साम्राज्य की स्थापना के लिए भोली–भाली जनता के मस्तिष्क को कुण्ठित कर रहा है। क्योंकि इन सम्प्रदायों की मान्यताएँ एक दूसरे से भिन्न है। इसलिए साम्प्रदायिकता के नाम पर अलगाव पैदा होते ही अराजकता पनपती है और इस प्रकार चारों और अशान्ति फैल जाती है। अगर हम अशान्ति का मूल कारण उपरोक्त अलगाव को समझे तो कदाचित गलत नहीं कर रहें होगे। हिंसात्मक मनोवृत्ति के कारण ही आज सम्पूर्ण विश्व बारूद के ढेर पर बैठा है। कभी भी द्वेष की चिंगारी से विस्फोट हो सकता है। समय रहते यदि इसे रोका न गया तो इसके विस्फोट से जो चिन्गारियाँ निकलेगी उससे मानवता के भस्म हो जाने का खतरा है। अब प्रश्न उठता है कि सम्पूर्ण विश्व में फैली हुई अशान्ति को कैसे समाप्त किया जाए। प्रथम शील द्वारा ही इए अशान्ति को हिंसा का त्याग करके 'मैत्री' अर्थात् मित्रता (सहयोग की भावना द्वारा समाप्त किया जा सकता है) जब मनुष्यों में मैत्री–भावना विश्व की तरह व्यापक होगी तो सम्पूर्ण विश्व मैत्रीमय हो जाएगा।

भगवान बुद्ध ने इस शील के अन्तर्गत प्राणी हिंसा सम्बन्धी जीविकाओं को अयोग्य ठहराया हे जैसेः– प्राणी का व्यापार, माँस का व्यापार, हत्यार का व्यापार क्योंकि इस अयोग्य जीविकाओं से विरत रहकर ही प्राणी मात्र से मैत्री भावना स्थापित की जा सकती है। जबकि जीविका के बिना जीवन धारण करना असम्भव है। मनुष्य को परिवार और स्वयं के पालन पोषण के लिए कोई न कोई जीविका ग्रहण करनी पड़ती है, परन्तु जीविका का उपार्जन उचित मार्ग से होना चाहिए, अनुचित मार्ग से नहीं। सच्ची जीविका को छोड़कर मिथ्या (झूठी) जीविका के द्वारा शरीर का पोषण करना अनुचित मार्ग हैं – दूसरों को कष्ट देकर, दूसरों का शोषण करके तथा दूसरों की हिंसा कर जीविका उपार्जन करना। समाज व्यक्तियों के समूह से बनता है। यदि व्यक्ति पारस्परिक कल्याण की भावना से प्रेरित होकर अपनी जीविका अर्जन करने में लगा रहे तो मानव–समाज का वास्तव में मंगल होता है तथा परस्पर मैत्री–भावना स्थापित की जाती है।

2. **'अदिन्नादाना वेरमणी सिक्खापदं समादियामि'**

अर्थात् मैं चोरी से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ। यह द्वितीय शील है। इसका अर्थ केवल चारी न करने तक ही सीमित नहीं है बल्कि लक्खणसुन्त में बुद्ध ने इन कार्यो को निंदनीय बतलाया है – तराजू की ठगी, कंस द्धबटवारेऋ की ठगी, मान द्धनापऋ की ठगी, रिश्वत, वंचना, कृतघ्नता (कुटिलता), छेद्न, वध, बन्धन, डाका, लूटपाट, शोषण की जीविका। इस शील का सकारात्मक अंग 'दान' है। चोरी से विरत रहकर दान का आचरण करना चाहिए। दान से अभिप्राय है योग्य पात्रों को दान करना। जैसेः– क्षमा–दान, अंग–दान, रक्त–दान, अन्न–दान, वस्त्र–दान, वैद्याकिय उपचार, शिक्षा–दान आदि।

3. **'कामेसु मिच्छाचारा वेरमणी सिक्खा पदं समादियामि'**

अर्थात् मैं पर–स्त्री गमनादि नीति कामाचार से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ। यह तृतीय शील है। इस शील के अन्तर्गत विवाहित जीवन में पति या पत्नी एक दूसरे के लिए विश्वसनीय बने रहे। इस शील का सकारात्मक अंग 'सन्तुष्टि' है। व्यभिचार से विरक्त रहकर, काम–वासनाओं पर नियन्त्रण रखकर 'सन्तुष्टि' का पालन करना चाहिए। क्योंकि पर स्त्री व पर–पुरूष गमन द्वारा एड्स जैसे भंयकर रोग से ग्रस्त होने का भय रहता है। अगर इस भंयकर रोग से कोई भी ग्रस्त हो जाता है तो उसकी तन–मन–धन तीनों प्रकार से तो हानि होती है साथ–साथ उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को भी आघात पहुँचता है। इन्हीं सभी बातों को ध्यान में रखते हुए एड्स जैसे भंयकर रोग का निदान करके सम्पूर्ण विश्व की मानव–जाति को बचाया जा सकता है।

4. **'मूसावादा वेरमणी सिक्खा पदं समादियामि'**

अर्थात् मैं झूठ से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ। यह चतुर्थ शील हैं। इसका सकारात्मक अंग 'सत्यता' है। असत्य वाणी से विरत रहकर सत्यता का आचरण करना चाहिए। अर्थात् सम्यक् वाणी द्वारा मनुष्य मुँह को संयत रखकर झूठ, दूसरों की बुराई, अफवाह फैलाने, गाली–गलौज करने, कठोर वचन बोलने, मूखर्तापूर्ण व अनर्गल बातों से बच सकता है। इस शील का पालन करने से वाणी सार्थक, बुद्धि संगत तथा मधुर हो जाती है।

5. **'सूरामेरय मज्जपमादट्ठाना वेरमणी सिक्खापदं समादियामि'**

अर्थात् मैं नशीलें पदार्थो से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ। यह पाँचवा शील है। इस शील का अर्थ है नशीले पदार्थो का सेवन न करना तथा साथ ही नशीले पदार्थो को दूसरे लोगों को भी नहीं बेचना चाहिए। इसके अतिरिक्त इस शील का सकारात्मक अंग 'स्मृति जागृति' है। अतः मादक पदार्थो के सेवन से विरत रहकर स्मृति का आचरण करना चाहिए। क्योंकि नशे में लिप्त मनुष्य अपनी स्मृति खो देता है। उसकी मानसिक स्थिति पागल जैसी हो जाती है। वह अपने होश–हवाश खो बैठता है तथा क्षय रोग, लीवर, कैंसर रोग आदि से पीड़ित होकर कष्टमयी जीवन व्यतीत करता है और तन–मन–धन तीनों प्रकार से उसकी हानि होती है। यदि किसी भी मनुष्य की ऐसी स्थिति रहेगी तो वह धम्म द्धधर्मऋ का आचरण कैसे करेगा? इसलिए मनुष्य को इस पाँचवे शील का पालन करते हुए अपनी स्मृति (जागृति) को सदैव बनाए रखना चाहिए।

यदि यह सभी बाते व्यक्ति को समझ में आ जाए तो वह शील–सदाचार का जीवन–व्यतीत कर सकेगा। इसमें अनेक कठिनाइयाँ आती है। अनेक विषम परिस्थितियाँ उसे शील को तोड़ने के लिए भी मजबूर कर देती है। इसका मुख्य कारण है कि उपासक अपने मन का मालिक नहीं हैं। वह अपने अनुसार कार्य करता है। पंचशील का मुख्य उद्देश्य मन को समाधिस्थ द्धनियन्त्रितऋ करना। क्योंकि मन को काबू में करना बहुत कल्याणकारी होता है। इससे व्यक्ति मन, वाणी तथा काय के दुष्कर्मो को करने से दूर रहता है।

भवतु सब्ब मंगलं

संदर्भ संकेत

1. बौद्ध उपासना तथा मंगल कार्यपद्धति, 8
2. निदान कथा , 68
3. मानक हिन्दी कोश, पाँचवा खण्ड।
4. बौद्ध उपासना तथा मंगल कार्य पद्धति, 11
5. श्रामणेर विनय, 1;5

धर्मान्तिरण नहीं वापसी

भिक्षु (डॉ॰) प्रज्ञापाल, शोधा-सहायक, पालि-हिन्दी शब्दकोश, नव नालन्दा महाविहार, नालन्दा-803111

बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर के द्वारा बौद्ध धर्म में दीक्षा लेने के उपरांत भारत में धर्मान्तरण एक धार्मिक आन्दोलन के रूप में प्रकट हुआ। इस धर्मान्तरण से दलित, बंचित, अस्पृश्य वर्ग में सामाजिक नव जागरण को एक दिशा मिली। यह आन्दोलन बौद्ध धर्म का भारत में धार्मिक पुनर्जागरण का युग लाया। समय–समय पर बौद्ध भिक्षु या उपासक बड़े–बड़े समारोहों का आयोजन कर धर्म परिवर्तन करते–कराते हैं, इस आयोजन में वैसे लोग शामिल होते हैं, जो लम्बे समय से हिन्दू रीति–रिवाज और परम्परा के पोषक रहे होते हैं। उनकी दीक्षा पंचशील और त्रिशरण के द्वारा बौद्ध संघ में दी जाती है, इस दीक्षा के द्वारा धर्म परिवर्तन कराया जाता है। बाबा साहब ने भी अपने पांच लाख अनुयाइयों के साथ धर्म परिवर्तन किया था। वह युग था परतंत्रता से सद्यः उन्मुक्त भारत की गुलामी विचार धारा का, जिस समय अध्ययन–अध्यापन का केन्द्र फ्रांस, जर्मनी और लंदन आदि स्थानों पर विद्वानों ने बना रखा था। भारतीय शोधार्थी शोध–साहित्य से अनभिज्ञ थे। ऊँच वर्ग के लोगों द्वारा किया गया शोध सत्ता के पृष्ठानुगामी था। इसलिए दीक्षा समारोह का नाम धर्म परिवर्तन या धर्मान्तरण रखा गया, जो शोधपरक अध्ययन–अध्यापन के बाद धर्म परिवर्तन नहीं वापसी सावित हुआ।

बौद्ध धर्म वापसी क्यों? इस प्रश्न का उत्तर साफ है। पहले बौद्ध परम्परा के अनुयायी ही भारतीय थे। बाद में आर्यो के आक्रमण से उनका धर्मान्तरण कराया गया और वैदिक या तथाकथित हिन्दू बनाया गया। पुनः बौद्ध धर्म में आना धर्मान्तरण नहीं, वापसी है। इस प्रकार हर दीक्षा समारोह वापसी समारोह ही है। ऐसे समारोह के लिए वापसी शब्द ऐतिहासिक और तर्कसंगत है परिवर्तन तो तब कहा जा सकता है जब नयी परम्परा या धर्म को अपनाया जाए। भारत के पिछड़ा वर्ग समाज जो भारत के मूल निवासी थे और उनका भारतीय धर्म था श्रमण धर्म, जिसे आर्यो ने जवरन परिवर्तन कराया। यह भारतीय भू–भाग में धर्म परिवर्तन था। आज लोग भुल चुके हैं कि मेरा मूल धर्म श्रमण धर्म था। श्रमण धर्म का तात्पर्य बौद्ध और जैन परम्परा से है। अतः आज बौद्ध धर्म स्वीकार करना घर वापसी है न कि धर्मान्तरण।

भारत में भारत की मूल सभ्यता का प्राकाट्य 1921 ई. में हुआ। इसके पूर्व यह विश्वास किया जाता था कि वैदिक धर्म भारत का प्राचीन धर्म है, जिसका जन्म ईसा से कई हजार वर्ष पहले हुआ था। रावी नदी के तट पर हड़प्पा की खुदाई के साथ यह धारणा निर्मूल हो गयी।[1] इस उत्खनन से स्पष्ट हो गया कि भारत धर्म और सभ्यता की दृष्टि से विश्व की अन्य प्राचीन सभ्यताओं के समकक्ष है और यह सभ्यता वैदिक संस्कृति के पूर्व पल्लवित हो चुकी थी। 1921 ई. में सिन्धु नदी के पश्चिमी तट पर लरकाना जिले में मोहनजोदड़ो की खुदाई से यह स्पष्ट हो गया कि चार सौ मील दूर पर स्थित ये दोनों स्थल भारत के प्राचीन सभ्यता के अवशेष हैं, जो वैदिक सभ्यता या धर्म से पहले के हैं।[2] इसके बाद 1936 ई. में चन्हुदड़ो का उत्खन किया गया, इन अवशेषों का अध्ययन करके विद्वानों ने उसकी संस्कृति को सिन्धु संस्कृति नाम दिया, जो वैदिक संस्कृति से प्राचीन संस्कृति थी, ऐसी स्थापना प्रतिपादित किया। वैदिक संस्कृति भारत में भारत के बाहर से आने वाली संस्कृति है और सैन्धव संस्कृति ही भारत की मूल संस्कृति है। इन स्थलों की खुदाई में जो सामग्री मिली है, उनके अध्ययन सें स्पष्ट है कि उस भारतीय संस्कृति में योग एक प्रमुख धार्मिक कृत्य था। वैदिक आर्यो में योग का कहीं नामोनिशान नहीं था। वे यज्ञ के द्वारा सभी धार्मिक कृत्य का सम्पादन करते थे।

भारत की मूल धार्मिक संस्कृति में योग महत्वपूर्ण था। सैन्धव वासी यति, योगी, मुनि कहे जाते थे, मैके को मोहनजोदड़ो से एक ऐसी मुद्रा मिली थी, जिस पर एक त्रिमुखी पुरूष एक चौकी पर योग मुद्रा में बैठा हुआ दिखाई देता है, निश्चित रूप से यह मुनि की मूर्ति है, जिसकी पहचान शिव के रूप में भी विभिन्न विद्वानों ने की है।[3] ये मुनि श्रमण परम्परा के योगी हैं। श्रमण भारत की प्राचीन भारतीय धर्म या संस्कृति है। ;ग्वेद में वातरशना मुनि का उल्लेख हुआ है।[4] जिसका अर्थ है– नग्नमुनि। इसके बाद आरण्यक में आकर तो श्रमण और वातरशना का एकीकरण भी उल्लिखित है। उपनिषद् में तापस और श्रमणों को एक बताया गया है।[5] इन सबका एक साथ विचार करने पर श्रमणों की तपस्या और योग की प्रवृति ज्ञात होती है। ऋग्वेद के बातरशना मुनि और यति भी ये ही हो सकते हैं। इस दृष्टि से श्रमण परम्परा में मुनि, यति या योगी का महत्त्व स्पष्ट है।

सिन्धु सभ्यता से जुड़े स्थलों की खुदाई में विभिन्न आकारों में छोटी–छोटी मुहरें प्राप्त हुई हैं जिनमें उपरी भाग में अभिलेख और नीचे के भाग में, वृषभ, व्याघ्र, गैंडा, हाथी, एकश्रेणी और मगर जैसे पशुओं के चिन्ह अंकित है, जो भारतीय मूल के धार्मिक पहचान हैं। वृषभ देव जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर हैं, जो मूलतः भारतीय संस्कृति में पूज्य देवता के रूप में मान्य हैं जबकि आर्य संस्कृति के देवी देवताओं में घोड़े और सूर्य आराध्य देव के रूप में मान्य हैं। वृषभ देव के पूजक भारत के मूलवासी थे। वैदिक आर्य अग्नि, सूर्य और घोड़े की पूजा करते थे। सैन्धव सभ्यता में अग्नि, सूर्य और घोड़े का कोई चिन्ह नहीं मिलते हैं। आर्यो के द्वारा भारत भूमि पर आकर वृषभ देव की पूजा के स्थान पर सूर्य की पूजा प्रचलित किया गया। आर्यो ने मूल भारतीय को सांस्कृतिक रूप से गुलाम बनाया। हमलोग भी श्रमण परम्परा के देवों को छोड़कर आर्यो के देवी देवताओं की पूजा करने लगे। अगर आज कोई व्यक्ति वैदिक देवी–देवताओं को छोड़कर, जैसा की बाबा साहव ने अपने बाइस प्रतिज्ञाओं में चिह्नित किया है, स्वीकार करता है, यह धर्मान्तरण नहीं बल्कि वापसी है। वास्तव में पहले हमलोग श्रमण थे। अब श्रमण परम्परा को स्वीकार करते हैं। यह अपने धर्म में वापसी है।

आर्यो ने भारत भूमि में आकर जिनके साथ युद्ध किया उन्हें दास दस्यु जैसे नाम दिये हैं। ये दास दस्यु पुर में रहते थें और उनके पुरों को नाश करके आर्यो के मुखिया इन्द्र ने पुरन्दर की पद्वी को प्राप्त किया। उसी इन्द्र ने यतियों और मुनियों की भी हत्या की है।6 यही यति और मुनि भारत के मूलवासी थे जो दास दस्यु थे। इन दास दस्यु का धर्म श्रमण धर्म था। यही धर्म दीर्घकाल के प्रवाह में बहता हुआ कई शाखा प्रशाखाओं में विभक्त हो गया था। प्राचीन बौद्ध और जैन शास्त्रों में विविध प्रवाहों को सूत्रबद्ध करके श्रमण और ब्राह्मण इन दो विभागों में बांटा गया है। इनमें ब्राह्मण वैदिक संस्कृति के अनुयायी और शेष सभी का समावेश श्रमण में होता था। आज बाह्मण धर्म को छोड़कर कोई व्यक्ति बौद्ध धर्म अपनाता है, तो इसे वापसी कहा जायगा न कि धर्मान्तरण। इस प्रकार बौद्ध धर्म स्वीकार करना वैचारिक गुलामी से स्वतंत्रता प्राप्त करना है।

आर्यो के भारत आगमन के साथ ही (4000 ई. पू. से 1750 ई. पू. तक) भारत भूमि पर पहले से रह रहे श्रमण परम्परा का विरोध वैदिक या ब्राह्मण परम्परा से चला आ रहा है। पतंजलि के उस वक्तव्य से भी इसकी पुष्टि होती है जिसमें कहा गया है कि श्रमण और ब्राह्मणों का शाश्वतिक विरोध है।[7]

भाषा के ऐतिहासिक अध्ययन से भी यह स्पष्ट होता है कि संस्कृत कभी भी भारत भूमि पर जन भाषा के रूप में व्यहृत नहीं हुई है। भाषा का लिखित दास्तावेज के रूप में जो सामग्री प्राप्त होती है उनमें मुहरें और शिलालेख सबसे प्राचीन हैं। सैन्धव सभ्यता के मुहरें अभी तक पढ़े नहीं गये हैं। अशोक के शिलालेख भारत के सबसे प्राचीन शिलालेख हैं, जिसे ई. पू. 300 वर्ष पहले सम्राट अशेक ने खुदवाया था। इस शिलालेख की भाषा पालि है। पालि का प्राचीन नाम मागधी था।[8] मागधी बुद्ध भूमि (भारत) की मूल भाषा थी–

सा मागधी मूलभामा नरा ययादिकप्पिका।
ब्रह्मातो चस्सुतालापा सम्बुद्धा चापि भासरे।।[9]

इस तरह स्पष्ट है मागधी प्राकृत या पालि के सबसे प्राचीन शिलालेख भारत में अशोक के शिलालेख और खारवेल नरेश द्वारा खुदवाया गया हाथी गुम्फा लेख है। भारत में संस्कृत के सबसे प्राचीन शिलालेख चौथी शताब्दी में खुदवाये हुए प्राप्त होते हैं। इस प्रकार लिखित रूप में विचार अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में जिस भाषा का विकास पहले भारत में हुआ वह वस्तुतः पालि या मागधी ही थी। संस्कृत पालि के बाद भारत में साहित्यक भाषा के रूप में प्रचलित हुई। संस्कृत भारत में कभी बोलचाल की भाषा नहीं रही। प्राचीन भारत में बोलचाल की भाषा मागधी या पालि रही है। मागधी में बुद्धवचन संकलित है, अर्द्धमागधी (जिसमें आधे चरित्र मागधी के हैं) में जीनवचन संकलित हुआ। इस प्रकार बुद्धवचन, अशोकवचन और महावीरवचन मूलतः भारत की प्रचीन भाषाओं के प्रतिनिधि साहित्य हैं। संस्कृत में हिन्दुओं के धर्मग्रन्थ संकलित हैं, जिसमें रामायण, महाभारत जैसी रचनाएं परिगणित हैं। वेद की भाषा और लौकिक संस्कृत में फर्क है। वेद की भाषा संस्कृत नहीं बल्कि छन्दस है, जिसकी समानता अवेस्ता से है।[10] अवेस्ता ईराक की प्राचीन भाषा थी। आर्य उसी प्रदेश से भारत में आये थे, अतएव भारत की प्राचीन भाषा मागधी थी न कि संस्कृत। संस्कृत के प्राचीन शिलालेख इराक में प्राप्त हुए हैं। आर्यो को भारत में आना और अपने वैदिक धर्म का प्रचार–प्रसार करना भारतीय लोगों को धर्म परिवर्तन कराना, भारत की प्राचीन संस्कृति श्रमण संस्कृति को नष्ट करना, आर्यो का मुख्य काम

रहा। संस्कृत उस समय छन्दस के रूप में प्रचारित किया गया जिसकी दुरूहता को सरल रूप प्रदान करते हुए पाणिनि ने संस्कृत भाषा की रचना की। अब वेद की भाषा से विकसित संस्कृत साहित्यिक भाषा के रूप में प्रतिष्ठा पायी। इस समय तक मौर्य वंश कमजोर हो चुका था। मौर्य वंश के दसवें राजा वृहद्रथ के सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने वृहद्रथ की हत्या कर दी और शुंग वंश की स्थापना की। संस्कृत को पुनर्स्थापित करने के लिए अपने राज पुरोहित पुष्यमित्र से पाणिनि के अष्टध्यायी पर नई व्याख्या करायी। अश्वमेघ यज्ञ कराया गया। यज्ञ जैसे कर्मकाण्ड को फिर से समाज में लाया गया। पुष्यमित्र की घोषणा थी कि जो हमें एक श्रमण का सर देगा उसे मैं सौ सोने का सिक्का दूंगा।[11] इस अभियान में श्रमण धर्म के अनुयायी चुन–चुन कर मार दिये गये। साथ ही उनकी भाषा और साहित्य को पूर्णतः नष्ट कर दिया गया। आज अगर कोई बौद्ध धर्म स्वीकार करता है। सरण गमन कर अपनी भाषा क्षेत्र में वापसी करता है और संस्कृत परक विदेशी जन्य भाषाओं से मुक्त होता है तो हर भारतीय जो बौद्ध धर्म स्वीकार करते हैं, वापसी करते हैं, ऐसा समझना चाहिए।

संदर्भ संकेत

1. क. कनिंघम, ए., आर्कलॉजिकल सर्वे रिपोर्ट, जिल्द 5, पृ. –105–8;
   ख. वत्स, माधोस्वरूप, एक्सक्वेशन एट हड़प्पा, जिल्द–2 दिल्ली 1947/7
   ग. ब्हीलर, आर. ई. एम., एन्शीएण्ट इण्डिया, खण्ड–3 1947, पृ.– 81–83;
2. मार्शल, सर जॉन, मोहनजोदड़ो एण्ड इण्ड्स वैली सिविलाईजेशन, जिल्द 3, लन्दन, 1931;
3. सैन्धव धर्म पर विस्तार से दृष्टव्य–
   क. मार्शल, जे. मोहनजोदड़ो एण्ड वैली सिविलाइजेशन खण्ड–1. लन्दन
   ख. मैके, अर्नेस्ट, द अली इण्डस सिविलाइजेशन,
   ग. गोयल एल., आर., ए रिलिजियस हिस्ट्री ऑव एन्शीएण्ट इण्डिया, जिल्द–1 मेरठ 1984 पृ–12–34
   घ. हेरास, एस. जे. रिलिजन ऑव मोहनजोदड़ो एकार्डिंग टू इन्सक्रिप्शन्स पृ.–1–29;
4. ऋग्वेद–10.136.2
5. वृह्दकारण्य उपनिषद 4.3.22
6. अथर्ववेद 2.5.3;
7. पातंजल महाभाष्य, 5.49;
8. भिक्षु सिद्धार्थ बुद्धिस्टिक स्टडीज पृ.–641;
9. गुणरत्न थेर, कच्चायन व्याकरण भूमिका, के प्रारम्भ से उद्धत,
10. डॉ. उदय नारायण तिवारी, कच्चायन व्याकरण, भूमिका भाग, पृ. 9–10; 6
11. यो मे श्रमण शिरो दास्याामि तस्याहं दीनारशतम् दास्यामि, दिव्यावदान, कैम्ब्रीज युनिवर्सिटी प्रेस, 1886 पृष्ठ– 434।

भगवान बुद्ध की शिक्षाऐं

आओ बच्चों मिलकर आओं।
आज तुम्हें कुछ बातें बताऊँ।
बुद्ध के जन्म दिवस पर ।
उनके कुछ उपदेश सुनाऊँ।1।

कभी किसी से झुठ न बोलो।
सच्च के लिए अपना मुँह खोलो।
जब भी कभी बोलना चाहो।
तो पहले शब्दों को तोलो।
रखो सदा ही सच्च को साथ।
चाहे दिन हो चाहे रात।
किसी की कभी न करो बुराई।
मीठी वाणी में सबकी भलाई।2।

कभी कोई गलती कर जाओं ।
तो माफी से मुक्ति पाओ।
माफी माँगना या फिर करना।
नहीं कभी कोई इससे डरना।
रखो सबसे मैत्री भाव।
छोड़ो सब पे यह प्रभाव।
क्षमा से बड़ा न कोई उपहार।
होते इससे उच्च विचार।3।

कभी न हिंसा किसी पे करना।
सबसे ही मिलजुलकर रहना।
सबमें एक ही जैसी जान।
नहीं करना किसी का अपमान।
छोड़ो सारे वैर-विरोध ।
कभी न मन में लाना क्रोध।4।

बच्चों यह सब बातें समझना।
अच्छाई के मार्ग पर चलना।
बुद्ध के शुभ वचनों का ।
जीवन में सब पालन करना।5।

रेविका
कक्षा-सातवीं

बुद्ध की मानवतावादी दृष्टि : एक समीक्षा

डॉ. हरीश कुमार बालूजा, बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

भगवान बुद्ध देव और मनुष्यों के शास्ता थे, परन्तु सबसे पहले वह मनुष्य थे। मनुष्य बढ़कर देवता बनता है, यह प्राचीन मान्यता थी, आज भी हम मनुष्यत्व के ऊपर देवत्व की बात करते हैं, परन्तु बुद्ध ने इस क्रम को पलट दिया। उन्होंने कहा, "यह जो मनुष्यता है, वही देवताओं को सुगति प्राप्त करना कहलाती है।" देवता जब सुगति प्राप्त करता है, तब वह मनुष्य बनता है। देवताओं में विलास है, राग, द्वेष, ईर्ष्या और मोह भी वहां है। निर्वाण की साध्ना वहां नहीं हो सकती। इसके लिए देवताओं को मनुष्य बनना पड़ता है। मनुष्यों में ही देव पुरुष का आविर्भाव होता है, जिनको देवता नमस्कार करते हैं। मानवता धर्म का उपदेश देने वाले बुद्ध स्वयं मानवता के जीते जागते रूप थे। यहां उनके जीवन से संबंधित कुछ प्रसंग दिये जाते हैं, जिनसे उनके व्यक्तित्व में बैठी हुई गहरी मानवता का दर्शन होता है।

भगवान का परिनिर्वाण होने वाला है। रात का पिछला पहर है। भिक्षु उनकी शैया को घेरे बैठे हैं। बुद्ध उन्हें उपदेश दे रहे हैं। "भिक्षुओं, बुद्ध धर्म और संघ के विषय में कुछ शंका हो तो पूछ लो, पीछे मलाल मत करना कि भगवान हमारे सामने थे, पर हम उनसे कुछ पूछ न सके।" कोई शिष्य न हीं बोलता। भगवान तीन बार कहते हैं, पर कोई भिक्षु कुछ पूछने को नहीं उठता। भगवान को शंका होती है कि कहीं वे उनके गौरव का विचार करके पूछने में संकोच तो नहीं कर रहे! इसलिए वह कहते हैं, ''शायद भिक्षुओं, तुम मेरे गौरव के कारण नहीं पूछ रहे। जैसे मित्र मित्र से पूछता है, वैसे तुम मुझसे पूछो।'' बुद्ध अपने शिष्यों की समान भूमिका पर आ जाते हैं। उनकी यह विनम्रता। मनुष्य–धर्म की आधारभूमि है। बुद्ध ने अंतिम भोजन किया था। उसके बाद उन्हें पेचिश से खून गिरने की कड़ी बीमारी हो गई थी, जो उनके शरीरांत का कारण बनी। बुद्ध को उसके हृदय का बड़ा ध्यान था। भक्त उपासक को यह अफसोस हो सकता था कि उसका भोजन करके ही भगवान का शरीर छूट गया। इसलिए आखिरी सांस लेने से पहले उन्होंने आनंद को आदेश दिया, "आनन्द चन्द कर्मारपुत्र की इस चिन्ता को दूर करना और कहना, आयुष्मान तूने बड़ा लाभ कमाया कि मेरे भोजन को करके तथागत परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।" जिसके हृदय में अगाध करूणा हो, वह ऐसा क्यों न कहता?

जिस रात को बुद्ध का परिनिर्वाण हुआ, आधी रात के समय सुभद्र नाम का एक परिव्राजक आया। उसके मन में कुछ शंकाएं थी। आनंद ने उसे यह कहकर रोक दिया, "उन्हें हैरान मत करो। वह सोए हुए हैं।" भगवान ने आनन्द की बात सुन ली। उन्होंने आनंद से कहा, "नहीं आनंद, सुभद्र को मना मत करो। मेरे पास आने दो। वह परमज्ञान की इच्छा से पूछना चाहता है, हैरान करने की उसकी इच्छा नहीं है। पूछने पर जो मैं उसे कहूंगा, वह उसे जल्दी ही समझ लेगा।"

मध्य रात्रि में, उस अवस्था में, सुभद्र की तथागत से उपदेश सुनने का सौभाग्य मिल गया।

एक बड़ी दुखियारी स्त्री थी। पति, पुत्र परिवार सब उसका नष्ट हो गया था। मारे दुःख के वह पागल हुई फिरती थी। कपड़े पहनने का भी उसे होश न था। उसका नाम पटाचारा था। एक दिन घूमते हुए वह बुद्ध के पास, जैतवन में आराम से आ गई। उस नंगी स्त्री को देखकर लोगों ने कहा, यह पागल है। इसे इधर मत आने दो।"

बुद्ध ने कहा, "इसे मत रोको।"

जैसे ही वह पास आई, बुद्ध ने कहा, "भगिनि, स्मृति लाभ कर।"

स्त्री को कुछ होश आया। लोगों ने उस पर कपड़े डाल दिये, जिन्हें उसने ओढ़ लिया। स्त्री फूट–फूट कर रोने लगी। बुद्ध ने अपने उपदेशामृत से उसके शोक को दूर कर दिया।

बुद्ध का एक भिक्षु शिष्य था वक्कलि। वह एक बार बीमार पड़ गया। उसने अपने एक साथ भिक्षु के द्वारा भगवान के दर्शन करने की अपनी इच्छा उन तक पहुंचवाई। भगवान उसकी इच्छा पूरी करने उसके पास गये। दूर से भगवान को आता देखकर वक्कलि उनका सम्मान करने और उनको आसन देने के लिए चारपाई से उठने की चेष्टा करने लगा। भगवान ने उसे यह कहकर रोक दिया कि अलग आसन तैयार है। उसके हिलने–डुलने की आवश्यकता नहीं है और वह बिछे आसन पर बैठ गये। वक्कलि ने उसकी वंदना करते हुए कहा, ''आपके दर्शन की मेरी बड़ी इच्छा थी। आपने पा करके उसे

पूरा कर दिया।"

बुद्ध ने कोमल स्वर में कहा, वक्कलि शांत हो जा। तेरी जैसी गंदी काया है, वैसी ही मेरी है। वक्कलि, इस गंदी काया को देखने से क्या लाभ? जो धर्म को देखता है, वह मुझे देखता है।"

भगवान बुद्ध गृहस्थों के प्रति बड़ी सहानुभूति रखते थे। एक बार सुप्रवासा नामक स्त्री के बच्चा होने वाला था और वह असहाय वेदना से पीड़ित थी। उसने अपने पति के द्वारा बुद्ध के चरणों में प्रणाम अर्पित करवाया। भगवान ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा, "कोलिय पुत्री सुप्रवास, सुखी हो जाये, चंगी हो जाये। सुखी और चंगी होकर बिना किसी कष्ट के वह पुत्र प्रसव करे।"

इसी प्रकार ब्राह्मणों के साथ भी, जैसे कि विश्व के सभी प्राणियों के साथ, उनकी पूरी सहानुभूति थी बावरि नामक ब्राह्मण के एक शिष्य ने जब अपने गुरु की ओर से भगवान के चरणों में प्रणाम निवेदन किया तो भगवान ने आशीर्वाद देते हुए कहा, शिष्यों सहित बावरि ब्राह्मण सुखी हो। माणवक, तुम भी सुखी हो, चिरजीवी हो।"

बुद्ध के पास छोटा–बड़ा, जो भी जाता था, वह उससे कहते थे, "आओ, तुम्हारा स्वागत है।"

भगवान अपनी अंतिम यात्रा में पावां और कुसीनारा के बीच जा रहे थे। रास्ते में उन्हें पुक्कुस मल्लपुत्र नामक व्यापारी मिला। उसने उन्हें एक दुशाला भेंट किया। परन्तु भगवान उसे अकेले कैसे ओढ़ते? वह अपने शिष्य आनन्द को सम्मानित करना चाहते थे। उन्होंने कहा, 'पुक्कुस, दुशाले के एक भाग को मुझे ओढ़ा दे, दूसरे को आनंद को पुक्कुस ने ऐसा ही किया।

भूल करने वालों के प्रति भी बुद्ध की अनुकम्पा का पार न था। एक बार ब्राह्मण ने भगवान को वेरंजा में वर्षावास करने का निमंत्रण दिया। भगवान वहाँ गये, लेकिन वह ब्राह्मण बहु धंधी था।उसने उनकी कुछ भी सुध–बुध नहीं ली। बुद्ध को बड़ा कष्ट हुआ उन्हें तीन महीने तक कुटज हुआ जो रोज खाना पड़ा, क्योंकि उस समय वेरंजा में अकाल पड़ रहा था और वह जो भी उनको और उनके शिष्यों को घोड़ों के व्यापारियों से मिलता था। इतना होने पर भी वर्षावास की समाप्ति पर भगवान बुद्ध अन्यत्र जाने से पूर्व वेरंजा जाकर ब्राह्मण को आशीर्वाद देना नहीं भूले।

भगवान बुद्ध के जीवन में ऐसी अनंत घटना मिलती है। उनमें हमें उनकी मानवता के दर्शन होते है।। उनके जीवन में कोमलता की पराकाष्ठा थी और उनकी वाणी में अपूर्व माधुर्य था, जो सबको अपनी ओर खींचता था। उनके मुंह में क्रोध भरा शब्द कभी नहीं निकलता था। वह मनुष्य थे, परंतु मनुष्य की दुर्बलताओं से ऊपर उठ चुके थे। उनके व्यक्तित्व में मानवता की शुभ ज्योत्सना धर्म की स्थिति बनकर चमकी।

संदर्भ संकेत

1. बुद्ध की मानवता / भरत सिंह उपाध्याय
2. बौद्ध दर्शन मीमांसा : बलदेव उपाध्याय
3. पालि साहित्य का इतिहास, भरत सिंह उपाध्याय

"Caste has killed Public Spirit. Caste has destroyed the sense of Public Charity. Caste has made Public Opinion impossible. Virtue has become caste-ridden, and morality has become caste-bound"

- Dr. Ambedkar

बौद्ध धर्म में कर्म और पुनर्जन्म - एक अध्ययन

निर्दोश कुमार, शोधार्थी - इतिहास,
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर (म0प्र0)

बौद्ध धर्म के अभ्युदय से मानव–जगत् को जो प्रेरणा मिली, वह समकालिक अन्य धर्मो से न मिल सकी। यही कारण है कि इस धर्म ने विश्व के अधिकांश भाग को प्रभावित किया।[1]

बुद्ध से तात्पर्य गौतमबुद्ध से है, जो इस धर्म के प्रवर्तक थे। जातकों से ज्ञात होता है कि गौतमबुद्ध ने बुद्धत्व प्राप्त करने से पूर्ण बोधिसत्व के रूप में कई जन्म लिये थे और बुद्धत्व प्राप्त करने की दृष्टि से यह उनका अन्तिम जन्म था। गौतमबुद्ध के रूप में उन्होंने बुद्धत्व प्राप्त किया, तब से वे बुद्ध कहलाए।[2]

"कम्प निबन्धनासत्ता रनस्साणीय जायती"।

भारतीय वाड्मय में कर्मवाद को पूरी प्रतिष्ठता मिलती है। बौद्ध दर्शन में भी कुशल कर्मो के सम्पादन की विवेचना की गई है। यह कहा गया है कि हे भिक्षु कर्म ही अपना है, कर्म ही योनि है, कर्म ही बन्धु है, कर्म ही प्रतिशरन है –

कम्मस्या सत्ता, कम्म यौनि, कम्मबंधु, कम्मपरिस्सरन।[3] भगवान् बुद्ध ने चेतना को ही कर्म कहा है – "चेतनाहं भिक्खवे कम्म बदामि"। जितने भी संसार के क्रियमाण कर्म हैं वे सब मन से ही होते हैं। मन ही सभी प्रवृत्तियों का अगुआ है। धम्मपद में भगवान् बुद्ध ने कहा है –

मनोपुब्बङ्गमा धम्मासेट्ठो मनोमया।
मनसा चे पदुट्ठेन भासति करोति वा।
ततो'नं दुक्खमन्वेति चक्कंश्व वहतो पदं।[4]

मन एवं मनुष्याणां बन्धन कारणमोक्षयोः।

अर्थात् मन ही मनुष्य के बंधन एवं मोह का कारण है। अर्थात् जितने भी धर्म (कर्मद्ध हैं उनका अग्रणी मन है। यदि कोई प्रटुवर मन से कर्म करता है या बोलता है तो दुःख उसका पीछा उसी प्रकार करता है जैसे गाड़ी में जुते हुये बैल के पैर का पीछा चक्का करता है यदि कोई प्रसन्न मन से बोलता है और कहता है तो सुख उसका पीछा उसी प्रकार करता है जैसे प्राणियों का पीछा छाया करती है। मन से किया गया कर्म मानसिक कर्म कहलाता है काप तन वाक् से किया गया कर्म चेतपित्वा कर्म कहलाता है। लेकिन करण कर्म तथा वाक् कर्म में भी मन का योग अपेक्षित है। चेतना को मानस कर्म कहते हैं। चेतना से जो उत्पन्न होता है अर्थात् चेतयित्वा कर्म चेतनाकृत है। चेतयित्वा के दो भेद हैं – कायिक और वाचिक। यदि हम समुत्थान पर विचार करते हैं। तो केवल मानस कर्म है क्योंकि सम कर्मो का समत्थान (आरम्भद्ध मन से है।

भगवान् बुद्ध ने चार प्रकार के कर्मो का निर्देश दिया है। पहला कृष्ण कर्म जिसका विपाक कृष्ण हेाता है। शुक्ल कर्म जिसका विपाक शुक्ल होता है। दोनों तथा दोनों से भिन्न जिसका विपाक न शुक्ल होता है न कृष्ण। यह स्पष्ट है कि मनुष्य अपने कर्मो का उत्तराधिकारी है 'कम्म दायादसत्ता'। केवल अंतिम स्थिति में कर्म का क्षय होता है। किन्तु अक्रिया द्वारा नहीं अपितु विगत कृवन कर्मो द्वारा होता है। गीता के अनुसार – कर्म की तीन कोटियाँ हैं – जो कर्म शास्त्र विधि से नियत किया हुआ, कर्त्तापन के अधिकार से रहित, फल को न चाहने वाले पुरूष द्वारा विना राग–द्वेष से किया हुआ है वह कर्म स्पत्विय या शुक्ल कर्म है। पुनः जो कर्म बहुत परिश्रम से युक्त है तथा फल को चाहने वाले अहंकार युक्त पुरूष द्वारा किया जाता है वह राजस मार्ग कहलाता है। तथा जो कर्म परिणाम हानि और सामनर्थ को न विचारकर केवल अज्ञान से प्रारंभ किया जाता है वह कर्म तामस कर्म कहलाता है।[5]

योगाचार की मूल कल्पना है कि आलय विज्ञान में विद्यमान बीजों का ही विकास या विस्तृतीकरण है। इसी कल्पना के अनुरोध से उन लोगों ने नवीन चार भेदों का वर्णन किया है। भौतिक जगत् की सृष्टि के लिये यह आवश्यक है कि कोई कारण शक्ति मानी जाय जो प्रत्येक धर्म में बीज का उत्पादन करे परन्तु उत्पत्ति के अनन्तर भी ये बीज अलाय विज्ञान में

शांत रूप से रहेंगे। जब तक किसी उद्‌बोधक कारण की सत्ता न मानी जाय। जैसे – एक वृक्ष से वृक्षान्तर की उत्पत्ति होने के लिये बीज का होना अनिवार्य है। और यह बीज भी वृक्ष के उत्पादन में समर्थ नहीं होगा। जब तक पृथ्वी, वायु, सूर्य की सहायता पाकर वह अंकुरित न हो। इसी दृश्टान्त को दृश्टि में रखकर योगाचार ने निदानों के चार निम्न प्रकार माने हैं –

वर्तमान 1 बीज–सत्पदान शक्ति–अविद्या संस्कार

2 बीज–विज्ञान = वेदना

3 बीजोत्पादन सामग्री = तृष्णा, उपादान तथा भव

भविष्य 4 व्यक्त कार्य =जाति परागमन

निदानों की समीक्षा में योगाचार का मत पर्याप्त प्रमाण के ऊपर अवलम्बित है यह प्रतीत्यसमुत्पाद का सिद्धान्त बौद्ध दर्शन की आधारशिला है। इसलिये दार्शनिकों ने इस सिद्धन्त का विवेचन बड़ी अढ़पोद के साथ किया है।[6]

बौद्ध दर्शन हेतुवादी दर्शन है। विश्व की तमाम घटनाओं के पीछे हेतु संबद्ध है। बिना कारण के कोई घटना की पुश्टि नहीं हो सकती है बौद्धों को यही कारण–कार्य का सिद्धान्त मान्य है। यदि दुःख हो तो दुःख का कारण तृष्णा है। उसी प्रकार वर्तमान कर्मो के विपाक स्वरूप मनुष्य का अगला जन्म निर्धारित होता है। यदि बौद्ध दर्शन अनीश्वरवादी दर्शन है तथा स्थायी आत्मा की यहाँ कोई गुंजाइश नहीं है तब पुनर्जन्म किसका होता है ? बुद्ध पुनर्जन्म सिद्धान्त को मानते हैं। वैदिक मत में भी यही सिद्धान्त मान्य है। परन्तु वहाँ आत्मा को नित्य एवं शाश्वत माना गया है। लेकिन बौद्धमत आत्मा के अस्तित्व से ही इंकार करता है। फिर पुनर्जन्म किसका होता है ? क्या वह जिसने कर्म किया है ? वह अतीत में जीन हो जाता है और जो करता है उसने वे कर्म नहीं किये जिसके फल भोगने के लिये नये जन्म की जरूरत पड़ती है।7

निष्कर्ष :

बौद्ध धर्म भी कर्म सिद्धान्त की धारणा को स्वीकारता है। बौद्ध धर्म इस जगत् में दुःख दर्द की सत्ता स्वीकारता है। दुःख के कारणों की व्याख्या भी इसके आर्य सत्यों में विश्लेषित है। बुद्ध इस बात को भी स्वीकारते हैं कि दुःख का निरोध संभव है। दुःख निरोध क लिये अष्टांगिक मार्ग की भी चर्चा विस्तृत रूप से की गयी है। इस अष्टांगिक मार्ग में ही बौद्ध का नैतिक विचार निहित है। बौद्ध धर्म मोक्ष की प्राप्ति को जीवन का परम लक्ष्य मानता है। इस लक्ष्य की प्राप्ति नैतिक आचरण से संभव है। बुद्ध यह मानते है कि मनुष्य अपने नैतिक जीवन के निर्माण में स्वतंत्र है। व्यक्ति अपने कर्मो के आधार पर ही परम लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिये उसे किसी अध्यात्म सत्ता की आवश्यकता नहीं है। जैसा कि हमने देखा, बौद्ध धर्म में ईश्वर या शाश्वत आत्मा के लिये कोई स्थान नहीं है। यही कारण है कि यह अनात्मवाद को प्रश्रय देता है। बौद्ध धर्म में नीति शास्त्र का स्थान गौण माना जा सकता है। प्रधान स्थान मोक्ष की प्राप्ति है जो जीवन का परम लक्ष्य है। बौद्ध धर्म शाश्वत आत्मा को अस्वीकारते हुये भी पुनर्जन्म धारणा की व्याख्या क्षणिकवाद के आधार पर कर देता है। यह भी स्पष्ट है कि बौद्ध दर्शन के अनुसार नीतिशास्त्र धार्मिक है।

संदर्भ संकेत

1. अगुंन्तर निकाय 1/145/
2. मज्झिम निकाय 2/415/
3. मज्झिम निकाय 2 पृ0 336
4. धम्मपद गाथा ।
5. संयुक्त निकाय, पृ0 70
6. विशष – दीघ निकाय (हिन्दी अनुवाद) पृ073
7. विशेष (1) मज्झिम निकाय "महाहलिपदोपमसुत्त"

"A people and their religion must be judged by social standards based on social ethics. No other standard would have any meaning if religion is held to be necessary good for the well-being of the people."

B.R. Ambedkar

बुद्ध सुभाषितरत्न : धम्मपद

एकता जैन
एम.फिल्., बौद्ध अधययन विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-07

धम्मपद बौद्ध साहित्य की प्रसिद्धतम और दीर्घतम कृति है। नैतिक शिक्षाओं के कारण इसका बहुत अधिक आदर है। धम्मपद ग्रंथ का **साहित्यिक एवं धार्मिक** – दोनों ही स्तरों पर समान महत्त्व माना गया है। विद्वज्जन बौद्ध धर्म को आचार प्रधान धर्म मानते हैं। इस धर्म में नैतिक सदाचार को विशेष महत्त्व दिया गया, जिसे यहाँ 'शील' कहा गया है। यह बौद्ध धर्म के आचार से सम्बद्ध सूक्तियों का संग्रह है। अतः इस धम्मपद ग्रंथ में भी **नैतिक सदाचार** को अत्यधिक महत्त्व दिया गया है।

'धम्मपद' में दो शब्द अन्तर्भूत हैं – एक **'धम्म'** एवं दूसरा **'पद'**। **'धम्म'** शब्द संस्कृत भाषा के **'धर्म'** शब्द का अपभ्रंश रूप है। यहाँ इसका सरल परन्तु सर्वसम्मत अर्थ **'सदाचार'** या सज्जनों के पालनीय एवं नित्य करणीय कर्त्तव्य ही समझना चाहिए। **'पद'** शब्द का शास्त्रो में दो अर्थो में प्रयोग किया गया है – प्रथम – मार्ग; जैसे – **'आकासे व पदं नत्थि'** (ध.प., गा. 255), या **'पमादो मच्चुनो पदं'** (ध.प., गा. 21)। अतः इस प्रमाण के आधार पर **'पद'** का अर्थ यहाँ **'मार्ग'** माना जाए तो **'धम्मपद'** का अर्थ होगा – धर्म का मार्ग। द्वितीय – किसी का वचन या वाणी। इसी ग्रंथ में एक गाथा पढ़ने को मिलती है – **'को धम्मपदं सुदेसितं कुसलो पुप्फमिवप्पचेस्सति'** (ध.प., गा. 44), यहाँ **'धम्मपद'** का स्पष्ट एवं सुगम अर्थ है – **'धर्मसम्पृक्तवचन, या धर्मसम्पृक्त वाणी'**। इस धम्मपद ग्रंथ में भगवान बुद्ध के सदाचारसंबंधी उपदेश – वचन या वाणी सर्वत्र उद्धृत हैं अतः इसका **'धर्मवचन'** या **'धर्मवाणी'** – यह अर्थ भी उचित ही लगता है।

भगवान बुद्ध ने इस धम्मपद में कथित सभी उपदेश किसी एक स्थान पर या किसी एक ही समय में नहीं किए थे; क्योंकि वे बोधिप्राप्त्यनन्तर किसी एक स्थान पर किसी निश्चित समय तक नहीं विराजे। संग्रहकारों ने आकार की दृष्टि से धम्मपद का संग्रह खुद्दकनिकाय के अंतर्गत लघु ग्रंथों में किया है, परन्तु आकारदृष्ट्या छोटा होने पर भी प्रत्येक बौद्ध के हृदय में इसके प्रति अत्यधिक पूजनीय भाव है; क्योंकि इसमें बौद्ध धर्म के सभी सिद्धांतों का समावेश मिलता है। चार आर्यसत्य एवं आर्य आष्टांगिक मार्ग के साथ–साथ विविध सदाचारों के पालन का भी दृढ़ता से भगवान् का आदेश है। इसका समीचनतया अध्ययन करने पर हम **'बौद्ध धर्म की समस्त रूपरेखा हृदयंगम'** कर सकते हैं। साथ ही इसमें वर्णित सदाचारविधि के पालन से साधक अगणित सांसारिक दुःखों से छुटकारा पा सकते हैं। कोई नहीं कह सकता कि इसके निरंतर पाठमात्र से दुःखसन्तप्त कितने मानवों का उद्धार हो चुका है। तथा यह आज भी ऐसे लोगों का उद्धार करने में समर्थ है।

वास्तविकता यह है कि इस धम्मपद ग्रंथ की गाथाएं पठनमात्र से पाठक उसकी गंभीरता नहीं समझ पाएंगे, जब तक कि वे उस गाथा का प्रसंग, स्थान या उपदेश्य पुद्गल के विषय में न जान लें। बौद्ध परम्परा में तीन ग्रंथसमूह त्रिपिटक रूप में मान्य हैं – विनयपिटक, सुत्तपिटक, एवं अभिधम्मपिटक।

सुत्तपिटक को पाँच भागों में वर्गीकृत किया गया है–

1. दीघनिकाय,
2. मज्झिमनिकाय,
3. संयुत्तनिकाय,
4. अंगुत्तरनिकाय एवं
5. खुद्दकनिकाय।

इस अन्तिम खुद्दकनिकाय के अंतर्गत छोटे–बड़े 15 ग्रंथ परिगणित हैं। इनमें द्वितीय ग्रंथ **धम्मपद** माना गया है।

धम्मपद के रचयिता भगवान् बुद्ध ही हैं, बौद्ध परम्परा की मान्यता है। आचार्य बुद्धघोष धम्मपदट्ठकथा के आरंभ में अनुबन्धचतुष्ट्य के साथ धम्मपद के रचयिता के विषय में लिखते हैं–

"तं तं कारणमागम्म, धम्माधम्मेसु कोविंदो।
सम्पत्तसद्धम्मपदो, सत्था धम्मपदं सुभं।।
देसेसि, करुणावेग–समुस्साहितमानसो।
यं वे देवमनुस्सानं पीतिपामोज्जवड्ढनं।।"

(ध.प.अ.,मंगलगाथा)

इससे सिद्ध होता है कि बौद्ध परम्परा की विद्वन्मण्डली भगवान् बुद्ध को ही धम्मपद का रचयिता मानती है।

भगवान बुद्ध जो कुछ भी उपदेश करते थे उसको उनके सम्मुख बैठे भिक्षु, आनन्द आदि शिष्य, भगवान् बुद्ध के श्रीमुख से निकलते ही कण्ठस्थ कर लेते थे तथा समय–समय पर उसका पुनः पुनः अभ्यास करते रहते थे, इस कारण उसके विस्मरण या विलुप्त होने का भय नहीं रह जाता था। इसीलिए भगवान् बुद्ध के समय तक आर्यावर्त में समग्र **वैदिक साहित्य, समग्र संस्त साहित्य, समस्त बौद्ध एवं जैन साहित्य** भी स्मृतिपरम्परा से ही सुरक्षित था। भगवान् बुद्ध के धर्मसम्बद्ध तथा सदाचारसम्बद्ध वचन की इस ग्रंथ का प्रतिपाद्य या वर्णनीय विषय है। इसमें कथित प्रत्येक गाथा भगवान् बुद्ध ने किसी साधक भिक्षु या उपासक या श्रोता को, उसके ऐकान्तिक हित को ध्यान में रखकर ही कही है। इस ग्रंथ में **'सभी गाथाएं बुद्धप्रोक्त हैं, किसी अन्य द्वारा प्रोक्त नहीं हैं।'**

समस्त संसार दुःखों से परिप्लुत है, दुःख क्यों होते हैं? इन दुःखों से मुक्त होने होने का क्या उपाय है? दुःखों से मुक्त होने की स्थिति क्या है? उस स्थिति का नाम क्या है? – आदि बातों का वर्णन भी यथास्थान इस ग्रंथ में उपलब्ध है। इसमें एक स्थान पर कहा गया है–

को नु हासो किमानन्दो निच्चं पज्जलिते सति।
अन्धकारेन ओनद्धा पदीपं न गवेसथ!।। (ध. गा. 146)

बौद्ध धर्म की यह मान्यता है कि मानव जीवन नैराश्यमय है। मानव शरीर धारण करना ही दुःख को आमंत्रण देना है। धम्मपद में कहा है–

''नत्थि रागसमो अग्गि, नत्थि दोससमो कलि।
नत्थि खन्धादिसा दुक्खा, नत्थि सन्ति परं सुखं''।।
(ध.प. गा., 202)

